हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, रविवार 18 अक्टूबर 2026

13 सूर्पनखा के नासिका भंजन और सीता हरण का मनमोहक मंचन



14 मैं आया नहीं हूं बुलाया बाबा श्याम ने....



खबर संक्षेप

नशे के खिलाफ पुलिस का सर्च अभियान

हांसी। नशे की तस्करी और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए हांसी पुलिस ने शनिवार को शहर की गणेश कॉलोनी और जगदीश कॉलोनी में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने बिना वैध कागजात के मिले दो मोटरसाइकिल इंपाउंड किए। नशीले पदार्थों की ब्रिक्री करने वालों जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पुलिस चौकी सिसाय पुल के इंचार्ज उप निरीक्षक बलवान की अगुवाई में पुलिस चौकी सिसाय पुल, सीआईए-2 हांसी और डॉग स्क्वॉड की संयुक्त टीम ने गणेश कॉलोनी में जांच की। टीम ने क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए आवश्यक जांच-पड़ताल की।

रामलीला देखने जा रहे युवक के साथ मारपीट

नारनौंद। तीन दोस्त मोटरसाइकिल पर सवार होकर रामलीला देखने के लिए गांव लोहारी राघो जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में तीन युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तीनों पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। नारनौंद निवासी विशाल ने बताया कि वह 14 अक्टूबर को आर्यान व चिराग के बाइक पर बैठकर रामलीला देखने के लिए गांव लोहारी राघो जा रहे थे। बाइक को आर्यान चला रहा था। जब हम नारनौंद से मोठ रोड पर पहुंचे तो एक बाइक पर सवार नारनौंद निवासी शुभम, पोंगी व साहिल ने हमारी बाइक रूकवाई और साहिल ने ईंट उठाकर हमारी बाइक पर मारकर तोड़ दी।

सीआईए ने पकड़ा 12.414 किलो गांजा, एक गिरफ्तार

नारनौंद। थाना बास क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान एक आरोपी को 12.414 किलोग्राम गांजा के साथ काबू किया है। आरोपी पहचान हिसार जिले के गांव दाहिमा निवासी वीरेंद्र उर्फ मरोड़ी के रूप में हुई है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पूछताछ के लिए पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसआई अशोक ने बताया कि 16 अक्टूबर को पुलिस टीम ने अपराधों की रोकथाम के लिए एन एच -9 पर सिंघवा खास के पास पिपला पुल पर नाकाबंदी की हुई थी। इस दौरान रोहतक की तरफ से आ रही सफेद रंग की मारुति अर्टिगा गाड़ी को रुकवाकर जांच की गई।

25 वर्षीय विवाहिता तीन वर्षीय बेटे के साथ लापता

आदमपुर। आदमपुर रेलवे स्टेशन से एक 25 वर्षीय विवाहिता अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। गांव सदलपुर निवासी महिला की मां विमला ने इस संबंध में आदमपुर रेलवे पुलिस चौकी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए शिकायत दी है। शिकायत के अनुसार, विमला की 25 वर्षीय लडक़ी अंजू 13 अक्टूबर को उसके पिता सुबह करीब आठ बजे अपने ससुराल जाने के लिए आदमपुर रेलवे स्टेशन पर छोडक़र आए थे। वह अपने साथ तीन वर्षीय बेटे को भी लेकर गई थी। महिला की सुसराल गांव बड़वा जिला भिवानी में है।

पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने एसपी सिद्धांत जैन से की मुलाकात

पांच करोड़ की रंगदारी से व्यापारियों में रोष, तीन दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पेट्रोलियम व्यवसायी प्रमोद गोयल, उनके भाई आनंद गोयल और उनके बेटे अनिरुद्ध गोयल से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में व्यापारियों का रोष बढ़ता जा रहा है। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार की सुरक्षा की मांग पर ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन, हिसार एवं हांसी के प्रतिनिधिमंडल ने एसपी सिद्धांत जैन से मुलाकात की। एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन को सोमवार तक ठोस कार्रवाई करने का अल्टीमेटम दिया है। निर्धारित समय तक कार्रवाई नहीं होने पर एसोसिएशन ने दोबारा बैठक कर आगामी रणनीति तय करने की चेतावनी दी है।

- पीड़ित परिवार की सुरक्षा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



हिसार। एसपी से मिलने जाते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

यह था मामला

बता दें कि अर्बन एस्टेट निवासी प्रमुख व्यापारी आनंद गोयल और उनके बेटे को विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल व वॉइस मैसेज भेजकर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी की रकम न देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है। फोन करने वाले ने खुद को रोहित गिरोह का सदस्य बताया है। मात्र 15 दिन के भीतर एक ही परिवार के तीन लोगों से रंगदारी मांगने की इस घटना के बाद पीड़ित परिवार बुरी तरह सहमा हुआ है और सुरक्षा को लेकर दहशत में है। इससे पहले गत 29 सितंबर को आनंद गोयल के भाई व पेट्रोल पंप व्यवसायी प्रमोद गोयल से भी 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी।

गोयल परिवार को लगातार मिल रही धमकियां

एसोसिएशन के जिला प्रधान राजकुमार सलेमगढ़ ने कहा कि आनंद गोयल के परिवार को लगातार धमकियां मिलने की बात सामने आ रही है, जिससे व्यापारी वर्ग में चिंता बनी हुई है। परिवार के सदस्यों और बच्चों तक को धमकियां दिए जाने की जानकारी गंभीर है। उन्होंने कहा कि पुलिस को मामले में तेजी से कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करना चाहिए, ताकि व्यापारियों में सुरक्षा का विश्वास कायम हो सके।

जांच पर उठाए सवाल

राजकुमार सलेमगढ़ ने मामले की जांच की गति पर सवाल उठाते हुए कहा कि अभी तक कोई ठोस प्रगति सामने नहीं आई है। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी के समक्ष अपनी चिंताएं रखते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की। इस पर एसपी सिद्धांत जैन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसोसिएशन प्रधान ने स्पष्ट किया कि सोमवार तक मामले में ठोस नतीजा या प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आने पर संगठन की दोबारा बैठक बुलाई जाएगी। इसमें आगे की रणनीति तय करने के साथ कड़ा फैसला लेने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति के लिए पुलिस-प्रशासन जिम्मेदार होगा।

कुछ संदिग्ध हिरासत में : एसोसिएशन

एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के अनुसार, पुलिस ने पूछताछ के लिए पांच से सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। धमकी भरे फोन अंतरराष्ट्रीय या फर्जी नंबरों से आने के संबंध में प्रतिनिधियों ने कहा कि पुलिस के पास आरोपियों तक पहुंचने के पर्याप्त संसाधन हैं। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द कार्रवाई की जानी चाहिए। एसपी से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में ऑल हरियाणा पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सचिव नकुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक जैन, पवन गोयल सहित अन्य पेट्रोलियम डीलर्स मौजूद रहे।



हिसार। भाजपा कार्यालय के आगे पुतला फूंकते मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य।

एमएसपी से नीचे फसल बिक्री के विरोध में एसकेएम का प्रदर्शन

- प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंका
- 23 को लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करेगा संयुक्त किसान मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

फसलों की खरीद में किसानों की लूट, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे फसल बिकने और किसान विरोधी शर्तों के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसानों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। जिलेभर से किसान सुबह 10 बजे किसान रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचे।

संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य सरदानंद राजली ने आरोप लगाया कि धान और बाजरे की खरीद में प्रति एकड़ सीमा, जिलों से जुड़ी शर्तों, पोर्टल के नाम पर किसानों को परेशान करने और अवैध कटौती जैसी समस्याओं के कारण किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि धान का एमएसपी 2461 रुपये और बाजरे का 2900 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित होने के बावजूद किसानों की फसल इससे कम कीमत पर बिक रही है। भाजपा पंजाब में एमएसपी के नाम पर वोट मांग रही है, जबकि हरियाणा में किसानों को अपनी फसल एमएसपी से नीचे बेचनी पड़ रही है। उन्होंने इसे सरकार का दोहरा रवैया बताते हुए कहा कि किसान इसका विरोध जारी रखेंगे।

ये रहे मौजूद

प्रदर्शन में शमशेर सिंह नंबरदार, संदीप सिवाच, राजीव मलिक, डॉ. करतार सिवाच, जोगेंद्र मायड़, अनिल बैंदा, ईश्वर वर्मा, सरबत पूनिया, जसबीर सूरा, बलराज मलिक, कमला देवी, मोहनलाल राजली, मेहरसिंह बांगड़, कपूरसिंह बगला, सतीश बैनीवाल, दिलबाग सिंह हुड्डा, ईश्वर सुंडावास, सोमबीर भगाना, कामरेड सुनील, महेंद्र बैंदा, सुरेंद्र मान, रामबीर न्योली, गोपाल नंगथला, सतबीर धायल, कुलदीप सदलपुर, प्रदीप बूरा, अनिल गोरछी आदि मौजूद रहे।

18 साल से फरार चोरी और सेंधमारी का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

- वर्ष 2008 में दर्ज हुए थे चोरी के दो मामले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस ने चोरी और सेंधमारी के दो मामलों में पिछले 18 वर्षों से फरार चल रहे उद्घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान खरड़ निवासी रविंद्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर वर्ष 2008 में दर्ज दोनों मामलों में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी रविंद्र के खिलाफ वर्ष 2008 में चोरी और सेंधमारी से संबंधित दो मामले दर्ज हुए थे। इनमें पहला मामला 3 अप्रैल 2008 को धारा 457 और 380 के तहत दर्ज किया गया था। दूसरा मामला 19 जून 2008 को इन्हीं धाराओं के तहत दर्ज हुआ था। दोनों मामलों में अदालत ने आरोपी को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था।

12 क्वार्टर पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि आरोपी किसी अन्य मामले में जेल में बंद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अदालत से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त किया और आरोपी को जेल से अदालत में पेश करवाकर वर्ष 2008 में दर्ज चोरी और सेंधमारी के दोनों मामलों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले में आगामी कानूनी कार्रवाई कर रही है।

लाल सड़क पर दुकान के ऊपर बने स्टोर में लगी आग

- रास्ते में जाम और भीड़ के कारण फायर ब्रिगेड को पहुंचने में हुई देरी
- स्टोर में जाने का रास्ता नहीं मिलने पर दीवार तोड़कर बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

लाल सड़क पर शनिवार सुबह काका किरयाणा की दुकान के ऊपर बने स्टोर में आग लगने से करीब 60 से 70 हजार रुपये का सामान जलकर खराब हो गया। स्टोर में प्रवेश का सीधा रास्ता नहीं होने के कारण फायर ब्रिगेड कर्मियों को स्टोर की दीवार को तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा। गनीमत रही कि आग नीचे मुख्य दुकान और आसपास की दुकानों तक नहीं पहुंची, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। पिछले करीब 30 वर्षों से लाल सड़क पर किरयाणा दुकान चला रहे दुकानदार सतीश ग्रोवर ने बताया कि शनिवार सुबह वह घर पर ही थे। कि इसी दौरान पड़ोसी दुकानदारों ने फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान के ऊपर बने स्टोर से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और स्टोर खोलने का प्रयास किया, लेकिन अंदर आग की तेज तपिश महसूस हुई। इसके बाद उन्होंने नीचे दुकान में बने रोशनदान के जरिए सबमर्सिबल की पाइप से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया और फायर विभाग को सूचना दी।



दीवार तोड़कर अंदर पहुंचे फायर कर्मी

फायर विभाग के अनुसार, सुबह करीब नौ बजे डायल 112 के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद फायर कर्मी जसवीर सिंह, सुरेंद्र खटक और सुनील कुमार मौके पर पहुंचे। स्टोर में जाने का रास्ता नहीं होने के कारण दीवार तोड़कर अंदर पहुंचना पड़ा। इसके बाद पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया गया। कर्मियों ने आग से बचा सामान भी सुरक्षित बाहर निकाला।

मेन स्विच बंद था, आग लगने के कारणों का पता नहीं

दुकानदार सतीश ग्रोवर ने बताया कि दुकान का मेन स्विच बंद था। इसके बावजूद स्टोर में आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, आग से 60 से 70 हजार रुपये का सामान खराब हुआ है।

सड़क पर खड़े वाहन बने परेशानी, छोटी गाड़ी की कमी

फायर कर्मी जसवीर सिंह के अनुसार, लाल सड़क पर खड़े वाहनों के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में अधिक समय लगा। इसके अलावा विभाग के पास छोटी फायर गाड़ी नहीं होने से तंग और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पहुंचने में परेशानी होती है। विभाग में करीब दो वर्षों से छोटी गाड़ी की कमी बनी हुई है और इसके लिए मांग भी भेजी जा चुकी है। छोटी फायर गाड़ी उपलब्ध होने से ऐसे इलाकों में आग लगने की घटनाओं पर समय रहते काबू पाने में मदद मिल सकती है।

दिन-दहाड़े बुजुर्ग महिला से सोने की चेन और झुमके झपटे, दो आरोपी गिरफ्तार

- करीब चार तोले सोना बरामद, वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी पुलिस ने कब्जे में ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आजाद नगर थाना पुलिस ने बुजुर्ग महिला से दिन-दहाड़े सोने की चेन और कानों के झुमके झपटने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया सोना बरामद करने के साथ वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, नवदीप कॉलोनी स्थित सियाराम नगर निवासी विद्या देवी ने शिकायत दी थी कि वह घर के पास पक्षियों को दाना डालने जा रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक झपट्टा मारकर उनके गले से करीब तीन तोले वजनी सोने की चेन और कानों से करीब एक तोला वजनी सोने के झुमके छीनकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक राजकुमार की टीम ने करनाल जिले के फफड़ाना गांव निवासी बिजेंद्र को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस रिमांड के दौरान बिजेंद्र की निशानदेही पर असंध में स्थित बजाज गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी और आईआईएफएल गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी से छीनी गई सोने की चेन और झुमके बरामद कर जब्त किए गए। पुलिस ने पूछताछ और आरोपी के खुलासे के आधार पर वारदात में शामिल दूसरे आरोपी सिसाय कालीरावण निवासी संदीप उर्फ गुजराती उर्फ बिट्टू को भी गिरफ्तार किया है।

अवैध हथियारों के साथ आरोपी गिरफ्तार

हांसी। सीआईए-1 टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में कार्रवाई करते हुए राखी खास निवासी अमित उर्फ बिन्दा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा, एक देशी पिस्तोल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। शुरुआती कार्रवाई में देशी कट्टा और दो कारतूस मिले थे, जबकि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर दूसरी पिस्तोल और एक अतिरिक्त कारतूस बरामद किया गया। रिमांड समाप्त होने के बाद आरोपी को अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। एएसआई प्रवीन के अनुसार 15 अक्टूबर को पुलिस टीम नारनौंद क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

शादी का झांसा देकर फौजी से सात लाख ठगे

- मैट्रीमोनियल एप के जरिए दिया झांसा और कर दी ठगी की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार मिलिट्री कैंट में तैनात भारतीय सेना के एक जवान को मैट्रीमोनियल ऐप के जरिए साइबर ठगों ने अपने जाल में फंसाकर लाखों रुपये की चपत लगा दी है। ठगों ने खुद को ब्रिटेन की रहने वाली युवती बताकर पहले जवान को शादी का झांसा दिया और इसके बाद फर्जी इन्वेस्टमेंट ऐप के जरिए मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर करीब सात लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित जवान की शिकायत पर पुलिस ने ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विदेशी युवती के नाम पर ठगी

मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले और वर्तमान में हिसार मिलिट्री कैंट में तैनात 32 वर्षीय जवान धनराज ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि यह पूरा मामला पंचकूला से हिसार साइबर थाने में स्थानांतरित हुआ है। फौजी ने पुलिस को जानकारी दी कि करीब डेढ़ महीने पहले उसने संगम मैट्रीमोनियल ऐप डाउनलोड किया था और ऐप पर अपनी प्रोफाइल बनाने के बाद उसके पास एक विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज आया था। चैट करने वाली युवती ने अपना नाम सारान्या और अपना पता ग्रीनिच, यूके बताया था। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला बढ़ा और दोनों पक्षों के परिजनों ने कॉन्फ्रेंस कॉल के माध्यम से आपस में बात करके शादी के लिए हां कर दी। जवान ने दो नवंबर को छुट्टी पर चेन्नई जाकर शादी की तारीख तय करने की योजना बनाई थी। शादी तय होने के बाद युवती ने जवान को झांसे में लेते हुए कहा कि शादी में काफी खर्च आएगा, इसलिए दोनों मिलकर ट्रेडिंग का बिजनेस करते हैं। जवान के इस बात पर राजी होने पर युवती ने उसे एक लिंक भेजा, जिसके जरिए लूनो एक्सचेंज ऐप और लूनो टीम-3020 नाम का व्हाट्सएप ग्रुप ओपन हुआ। उस ग्रुप में पीटर विलियम्स नामक एडमिन ने ट्रेडिंग के निर्देश देने शुरू किए और शुरुआत में जवान ने विश्वास जीतने के लिए दस हजार और बीस हजार रुपये का निवेश किया, जिस पर मुनाफा दिखाकर उसे पैसे निकालने भी दिए गए ताकि उसका भरोसा पूरी तरह जीता जा सके।

हवाई अड्डे पर स्थापित होगी महाराजा अग्रसेन की भव्य प्रतिमा

अग्रोहा धाम के समीप जल्द बनेगा संग्रहालय: रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

समाजवाद और जनकल्याण के प्रणेता, 'एक रुपया और एक ईंट' के सिद्धांत से पूरे विश्व को आपसी भाईचारे का संदेश देने वाले महाराजा अग्रसेन की जयंती के उपलक्ष्य पर शनिवार को बरवाला में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। महाराजा अग्रसेन वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित इस समारोह के अवसर पर उन्होंने समाजसेवा, सामाजिक समरसता एवं जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए महाराजा अग्रसेन सामुदायिक केंद्र का भी शिलान्यास किया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का जीवन हमें समानता, सहयोग, सेवा और परोपकार की प्रेरणा देता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन की ऐतिहासिक राजधानी अग्रोहा हम सभी के लिए परम आस्था का केंद्र है। महाराजा अग्रसेन से जुड़े गौरवशाली इतिहास और हमारी प्राचीन संस्कृति को पूरी दुनिया के सामने लाने के लिए सरकार ने ऐतिहासिक 'अग्रोहा थेह' की पुरातात्विक खुदाई करवाने का ऐतिहासिक कार्य शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सिंधु-सरस्वती सभ्यता के इन प्राचीन टीलों की जियो-टैगिंग करने की शुरुआत की है और बहुत जल्द यहां पर एक भव्य एवं आधुनिक म्यूजियम की स्थापना की जाएगी।



बरवाला। महाराजा अग्रसेन सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री।

उन्होंने कहा कि सरकार अग्रोहा को एक 'ग्लोबल सिटी' और अंतरराष्ट्रीय स्तर के धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की एक बहुत बड़ी योजना पर काम कर रही है। आने वाले समय में पूरी दुनिया से बड़ी संख्या में लोग अग्रोहा की इस पवित्र धरा के दर्शन करने आएंगे। इस पूरे क्षेत्र की प्रगति को पंख लगाने के लिए इस वैश्विक नगर के बिल्कुल पास 'महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा' स्थित है, जो इस पूरे इलाके को देश और दुनिया के साथ सीधे और सुगम तरीके से जोड़ेगा। इस हवाई अड्डे के परिसर में सरकार जल्द ही महाराजा अग्रसेन की एक भव्य प्रतिमा स्थापित करने जा रही है, जो यहां आने वाले हर यात्री को उनके आदर्शों की प्रेरणा देगी।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नगर परिषद चेयरमैन रमेश सरदाना चेयरमैन, मार्केट कमेटी चेयरमैन प्रवीण सैनी, पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू, पूर्व आईपीएस डॉ दलबीर भारती, नप उपाध्यक्ष ताराचंद नलवा, मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष रोशन घनघस, मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा, जय नारायण राजलीवाला, संजीव गुप्ता, महाराजा अग्रसेन वेलफेयर सोसाइटी बरवाला के प्रधान बजरंग जैन, अनंत अग्रवाल, दिनेश बजाज आदि उपस्थित थे।

डाबड़ा चौक पर दो युवकों पर हमले के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ था विवाद
- आरोपी नवीन की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त पैचकस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

डाबड़ा चौक के पास पैसों के लेन-देन को लेकर दो युवकों पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सातरोड़ खास निवासी नवीन व पुठ्ठी मंगलखां निवासी वीर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी नवीन की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त पैचकस भी बरामद किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस चौकी अर्बन एस्टेट के प्रभारी सब-इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि माल कॉलोनी, कैमरी रोड निवासी दीपांशु ने शिकायत दी थी कि 15 अक्टूबर को वह अपने दोस्त विक्रम के कार्यालय पहुंचा था। वहां पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इस दौरान नवीन, वीर और उनके साथ आए अन्य युवकों ने दीपांशु और विक्रम के साथ मारपीट की तथा पैचकस से हमला कर उन्हें चोटें पहुंचाईं। शिकायत के आधार पर अर्बन एस्टेट थाना में हत्या प्रयास सहित संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

बैंक एफडी से आगे निकल सकते हैं ये म्यूचुअल फंड?

■ ज्यादा रिटर्न की संभावना के साथ बाजार जोखिम भी, निवेश से पहले समझें कौन-सा विकल्प आपके लिए बेहतर



बिजनेस डेस्क

बैंक की सावधि जमा यानी एफडी को सुरक्षित निवेश का भरोसेमंद विकल्प माना जाता है। इसमें ब्याज दर पहले से तय रहती है और निर्धारित अवधि पूरी होने पर मिलने वाली रकम का अनुमान लगाया जा सकता है। लेकिन जो निवेशक थोड़ा जोखिम उठाकर बेहतर रिटर्न की संभावना तलाशना चाहते हैं, उनके सामने म्यूचुअल फंड भी एक विकल्प हो सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक म्यूचुअल फंड की कुछ योजनाएं अपेक्षाकृत कम अवधि या सीमित जोखिम वाले निवेश के उद्देश्य से बनाई गई हैं। हालांकि, इन्हें बैंक एफडी जितना सुरक्षित मानना सही नहीं है। म्यूचुअल फंड में रिटर्न की गारंटी नहीं होती और बाजार की परिस्थितियों के कारण निवेश की रकम घट भी सकती है।

1. एसबीआई सेविंग्स फंड

जिन निवेशकों को अपनी रकम कुछ महीनों के लिए निवेश करनी है, वे एसबीआई सेविंग्स फंड पर विचार कर सकते हैं। यह योजना मुख्य रूप से मनी मार्केट और अन्य अल्पकालिक ऋण साधनों में निवेश करती है। इसका उद्देश्य कम अवधि के लिए रकम का प्रबंधन करना होता है। हालांकि, इसका रिटर्न ब्याज दरों और पोर्टफोलियो में शामिल प्रतिभूतियों के प्रदर्शन पर निर्भर करता है। यदि किसी निश्चित तारीख पर पूरी रकम की जरूरत है, तो निवेश से पहले निकासी की शर्तें और जोखिम जरूर समझें।

2. एसबीआई लो ड्यूरेशन फंड

यह फंड उन निवेशकों के लिए एक विकल्प हो सकता है, जिन्हें कुछ समय तक रकम की जरूरत नहीं है और वे ऋण आधारित निवेश चाहते हैं। इसमें ब्याज दरों में बदलाव तथा बॉन्ड जारी करने वाली कंपनियों की भुगतान क्षमता से जुड़ा जोखिम रहता है। निवेश करने से पहले फंड की क्रेडिट गुणवत्ता, पोर्टफोलियो की अवधि और खर्च का आकलन करना जरूरी है। कम अवधि का फंड होने का अर्थ यह नहीं है कि इसमें नुकसान की आशंका नहीं है।

3. एसबीआई बैंकिंग एंड पीएसयू फंड

इस श्रेणी के फंड मुख्य रूप से बैंकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और वित्तीय संस्थानों की ऋण प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। इन संस्थानों की साख अच्छी हो सकती है, लेकिन निवेश पूरी तरह जोखिम मुक्त नहीं होता। ब्याज दरों में बदलाव से बॉन्ड की कीमत प्रभावित हो सकती है। इसलिए निवेश की अवधि और जोखिम सहने की क्षमता के अनुसार ही फैसला लें।

4. एसबीआई आर्बिट्राज फंड

जो निवेशक सीधे शेयरों में पैसा लगाने से बचना चाहते हैं, वे आर्बिट्राज फंड की कार्यप्रणाली समझ सकते हैं। ऐसे फंड नकदी और वायदा बाजार में एक ही शेयर की कीमतों के अंतर से लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। इनका जोखिम सामान्य इक्विटी फंड से अलग होता है, लेकिन रिटर्न निश्चित नहीं होता। निवेश से पहले खर्च, कर नियम और संभावित रिटर्न को समझना जरूरी है।

5. एसबीआई कंजर्वेटिव हाइब्रिड फंड

इस श्रेणी के फंड का बड़ा हिस्सा ऋण साधनों में और कुछ हिस्सा शेयरों में लगाया जाता है। इससे निवेशक को दोनों परिसंपत्ति श्रेणियों में भागीदारी मिलती है, लेकिन ब्याज दरों और शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का असर भी पड़ सकता है। इसे चुनने से पहले निवेश अवधि और जोखिम क्षमता का आकलन करें।

एफडी या म्यूचुअल फंड, क्या चुनें?

यदि आपको निश्चित ब्याज दर और तय अवधि में रकम की जरूरत है, तो बैंक एफडी आपकी जरूरत के अधिक अनुकूल हो सकती है। पात्र बैंक जमा पर डीआईसीजीसी के नियमों के तहत एक जमाकर्ता को एक बैंक में समान अधिकार और क्षमता में रखे मूलधन तथा ब्याज को मिलाकर अधिकतम पांच लाख रुपये तक जमा बीमा सुरक्षा मिलती है। दूसरी ओर, म्यूचुअल फंड में बेहतर रिटर्न की संभावना के साथ नुकसान का जोखिम भी रहता है।

त्योहार पर ऑफर देखकर न ललचाएं वरना बढ़ सकता है ईएमआई का बोझ

नो-कॉस्ट ईएमआई में ब्याज नहीं देने का दावा कर रहे बैंक

लेकिन छूट छोड़ने और अतिरिक्त शुल्क चुकाने से महंगी पड़ सकती है खरीदारी

मोबाइल, टीवी, फ्रिज से लेकर लैपटॉप तक हर सामान पर छूट और आसान किस्तों का लालच

बिजनेस डेस्क

त्योहारी सीजन में ऑनलाइन और ऑफलाइन बाजार आकर्षक ऑफरों से भरे हैं। मोबाइल, टीवी, फ्रिज से लेकर लैपटॉप तक, हर सामान पर छूट और आसान किस्तों का लालच दिया जा रहा है। इनमें नो-कॉस्ट ईएमआई का ऑफर खास तौर पर ग्राहकों को आकर्षित करता है। एकमुश्त रकम खर्च किए बिना सामान घर लाने और ब्याज नहीं देने का दावा पहली नजर में फायदे का सौदा लगता है। लेकिन सावधान! केवल कम मासिक किस्त देखकर खरीदारी का फैसला करना जेब पर भारी पड़ सकता है। कई बार नो-कॉस्ट ईएमआई के चक्कर में ग्राहक को नकद खरीदारी पर मिलने वाली छूट छोड़नी पड़ती है या प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क चुकाने पड़ते हैं। ऐसे में त्योहार की खरीदारी से पहले ऑफर की चमक के बजाय उसकी वास्तविक लागत समझना जरूरी है।

नो-कॉस्ट ईएमआई का गणित?

नो-कॉस्ट ईएमआई में ग्राहक सामान की कीमत एक साथ चुकाने के बजाय तय अवधि में मासिक किस्तों के जरिए भुगतान करता है। सामान्य ईएमआई में मूल रकम के साथ ब्याज भी देना होता है, जबकि नो-कॉस्ट ईएमआई में ब्याज का खर्च किसी दूसरे तरीके से समायोजित किया जाता है। कई ऑफरों में बैंक या वित्तीय संस्थान के ब्याज की भरपाई विक्रेता या कंपनी की ओर से की जाती है। कुछ मामलों में इसके बदले ग्राहक को नकद खरीदारी पर मिलने वाली छूट नहीं मिलती। यानी ब्याज शून्य होने का दावा जरूरी नहीं कि खरीदारी को सबसे सस्ता बना दे। मान लीजिए, किसी मोबाइल की कीमत 30,000 रुपये है और नकद भुगतान पर 3,000 रुपये की छूट मिल रही है। ऐसे में मोबाइल 27,000 रुपये में खरीदा जा सकता है। वहीं, नो-कॉस्ट ईएमआई में यदि ग्राहक को यह छूट नहीं मिलती और उसे 30,000 रुपये किस्तों में चुकाने पड़ते हैं, तो बिना ब्याज के भुगतान करने के बावजूद वह 3,000 रुपये अधिक खर्च करेगा। इसके अलावा प्रोसेसिंग फीस या अन्य लागू शुल्क भी कुल लागत बढ़ा सकते हैं। इसलिए फैसला केवल ईएमआई की रकम देखकर नहीं, बल्कि दोनों विकल्पों की कुल कीमत की तुलना करके करना चाहिए।



खरीदारी से पहले इन बातों पर दें ध्यान

- **नकद कीमत से तुलना करें:** पता करें कि बिना ईएमआई के सामान कितने में मिल रहा है और किस्तों में लेने पर कुल भुगतान कितना होगा।
- **छूट का हिसाब लगाएं:** जांचें कि नो-कॉस्ट ईएमआई चुनने पर तत्काल छूट, कैशबैक या बैंक ऑफर का लाभ तो नहीं छूट रहा।
- **अतिरिक्त शुल्क देखें:** प्रोसेसिंग फीस, उस पर लागू कर और अन्य शुल्क जोड़कर वास्तविक लागत निकालें।
- **किस्त चुकाने की क्षमता परखें:** पहले से चल रहे कर्ज और ईएमआई के साथ नई किस्त जोड़कर देखें कि मासिक बजट पर कितना असर पड़ेगा।
- **देर से भुगतान की शर्तें पढ़ें:** किस्त चूकने पर लगने वाले शुल्क, ब्याज और अन्य नियमों की जानकारी पहले ही लें।
- **जरूरत को प्राथमिकता दें:** केवल त्योहार की छूट या सीमित समय के ऑफर के दबाव में गैरजरूरी सामान न खरीदें।

बचत को किस्तों से बचाएं

- त्योहारी खरीदारी के लिए सबसे बेहतर रणनीति बजट तय करके चलना है। पहले जरूरी सामान की सूची बनाएं, फिर अलग-अलग विक्रेताओं की कीमतों और भुगतान विकल्पों की तुलना करें। यदि एकमुश्त भुगतान के बाद आपातकालीन बचत प्रभावित होती है, तो उचित शर्तों वाली ईएमआई पर विचार किया जा सकता है। लेकिन इसके लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि आने वाले महीनों की आय से किस्तें आसानी से चुकाई जा सकें।
- नो-कॉस्ट ईएमआई का असली फायदा तभी है, जब वह नकदी का बेहतर प्रबंधन करे, न कि भविष्य की आय पर अनावश्यक बोझ डाले। त्योहार की खुशियां कुछ दिनों की होती हैं, लेकिन ईएमआई कई महीनों तक चल सकती है। इसलिए ऑफर देखकर नहीं, जरूरत, कुल लागत और अपनी भुगतान क्षमता देखकर खरीदारी करें।

कब फायदेमंद यह विकल्प

- नो-कॉस्ट ईएमआई हर स्थिति में नुकसान का सौदा नहीं है। यदि किसी जरूरी उपकरण की तत्काल आवश्यकता है और एकमुश्त भुगतान करने से घर का बजट बिगड़ सकता है, तो किस्तों में भुगतान उपयोगी विकल्प बन सकता है। इससे बचत की पूरी रकम एक साथ खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ती और उपलब्ध नकदी का इस्तेमाल दूसरी जरूरी जरूरतों के लिए किया जा सकता है। बशर्ते किस्तों पर खरीदारी की कुल लागत नकद कीमत के मुकाबले उचित हो और मासिक किस्त आसानी से चुकाई जा सके।
- हालांकि, केवल इसलिए महंगा मोबाइल, बड़ा टीवी या नया लैपटॉप खरीदना उचित नहीं है कि उसकी किस्त कम दिखाई दे रही है। यदि सामान की जरूरत नहीं है या मौजूदा उपकरण ठीक काम कर रहा है, तो केवल ऑफर के आकर्षण में खरीदारी करना खर्च बढ़ाने जैसा है।

घर का बजट न बिगड़ने दें

त्योहार की खरीदारी का असली फायदा तभी है, जब उससे घर का बजट न बिगड़े। नो-कॉस्ट ईएमआई का इस्तेमाल वित्तीय सुविधा के रूप में करें, अतिरिक्त खर्च करने के बहाने के तौर पर नहीं। खरीदारी से पहले यह तय करना जरूरी है कि सामान अभी लेना कितना आवश्यक है और उसके लिए भविष्य की कितनी आय खर्च करनी पड़ेगी। यदि किस्त चुकाने के बाद बचत, जरूरी खर्चों या आपातकालीन जरूरतों के लिए पर्याप्त पैसा नहीं बचेगा, तो खरीदारी टालना बेहतर है।एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि कई छोटी-छोटी ईएमआई मिलकर महीने के बजट पर बड़ा दबाव बना सकती हैं। इसलिए हर नई किस्त को अलग-अलग देखने के बजाय अपनी कुल मासिक देनदारी का हिसाब लगाएं। क्रेडिट कार्ड से जुड़ी ईएमआई में भुगतान की शर्तें और बकाया राशि पर लगने वाले शुल्क भी समझें। केवल विज्ञापन में दिख रही किस्त की रकम के आधार पर निर्णय न लें। आर्थिक समझदारी का अर्थ हर सुविधा से दूर रहना नहीं, बल्कि सुविधा का सही समय पर इस्तेमाल करना है। यदि नो-कॉस्ट ईएमआई से नकदी बचती है और कुल लागत भी उचित रहती है, तो इसका लाभ उठाया जा सकता है। लेकिन त्योहार का उत्साह क्षणिक है, जबकि भुगतान की जिम्मेदारी लंबे समय तक रहती है। खरीदारी ऐसी करें, जिसका आनंद बाद में आर्थिक चिंता में न बदले।



एसआईपी पर भरोसा बरकरार

सितंबर में रिकॉर्ड 32,490 करोड़ का निवेश, इक्विटी फंड में भी निवेश बढ़ा

तैयारी

बिजनेस डेस्क

स्मॉलकैप और मिडकैप फंड में सबसे ज्यादा पैसा आया; बाजार की चाल से ज्यादा निवेश की अवधि और जोखिम क्षमता पर ध्यान देना जरूरी

शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और निवेश को लेकर अनिश्चितताओं के बीच म्यूचुअल फंड में नियमित निवेश करने वाले निवेशकों का भरोसा कायम है। सितंबर 2026 में सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश बढ़कर रिकॉर्ड 32,490 करोड़ रुपये पहुंच गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में एसआईपी के जरिए 32,297 करोड़ रुपये का निवेश आया था। वहीं, इक्विटी म्यूचुअल फंड में शुद्ध निवेश भी अगस्त के 29,329 करोड़ रुपये से बढ़कर सितंबर में 38,307 करोड़ रुपये हो गया। यह करीब 30.6 प्रतिशत की मासिक वृद्धि है। आंकड़े बताते हैं कि निवेशक बाजार में पैसा लगाने के लिए नियमित निवेश का रास्ता अपना रहे हैं। हालांकि, निवेश प्रवाह बढ़ने का अर्थ यह नहीं है कि बाजार में तेजी निश्चित है या हर श्रेणी का फंड बेहतर रिटर्न देगा।

फ्लेक्सीकैप फंड में शुद्ध निवेश 32.5 प्रतिशत बढ़कर 6,702 करोड़ पहुंचा

निवेश लगातार बढ़ रहा

एसआईपी निवेश का सबसे बड़ा फायदा नियमितता है। इसमें निवेशक हर महीने एक तय रकम म्यूचुअल फंड में लगाते हैं। इससे बाजार की चाल देखकर बार-बार निवेश का फैसला करने की जरूरत कम होती है। सितंबर में एसआईपी निवेश पिछले साल के इसी महीने के 29,361 करोड़ रुपये के मुकाबले करीब 11 प्रतिशत बढ़ा है। यह वृद्धि बताती है कि अधिक निवेशक नियमित निवेश की आदत बनाए हुए हैं। एसआईपी के जरिए निवेश करने पर बाजार नीचे होने पर समान रकम से अधिक और बाजार ऊपर होने पर अपेक्षाकृत कम यूनिट खरीदी जाती हैं। इसे रुपये की औसत लागत का लाभ कहा जाता है। हालांकि, इससे नुकसान की आशंका समाप्त नहीं होती और न ही मुनाफे की गारंटी मिलती है।

ये फंड चमके

सितंबर में स्मॉलकैप फंड निवेशकों की पहली पसंद रहे। इस श्रेणी में शुद्ध निवेश अगस्त के 7,973 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,039 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, मिडकैप फंड में निवेश 6,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,835 करोड़ रुपये पहुंच गया। दोनों श्रेणियों में निवेश बढ़ना बताता है कि निवेशकों की दिलचस्पी अपेक्षाकृत अधिक उतार-चढ़ाव वाली कंपनियों में बनी हुई है। स्मॉलकैप और मिडकैप कंपनियों में भविष्य में तेजी से बढ़ने की संभावना हो सकती है, लेकिन इनके शेयरों में गिरावट का जोखिम भी अधिक रहता है। बाजार में कमजोरी आने पर इन फंडों के मूल्य में तेज गिरावट संभव है। इसलिए केवल अधिक निवेश आने के आंकड़े देखकर इनमें पैसा लगाना उचित नहीं है। निवेशक को अपनी जोखिम सहने की क्षमता, वित्तीय लक्ष्य और निवेश की अवधि को ध्यान में रखना चाहिए।

फ्लेक्सीकैप व लार्जकैप में भी सुधार

फ्लेक्सीकैप फंड में सितंबर के दौरान शुद्ध निवेश 32.5 प्रतिशत बढ़कर 6,702 करोड़ रुपये पहुंच गया। अगस्त में यह आंकड़ा 5,059 करोड़ रुपये था। फ्लेक्सीकैप फंड के प्रबंधक बाजार की परिस्थितियों के अनुसार बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों में निवेश का अनुपात बदल सकते हैं। इस वजह से इनका निवेश दायरा व्यापक होता है, हालांकि इनसे भी बाजार संबंधी जोखिम जुड़े रहते हैं। लार्जकैप फंड में भी निवेशकों की वापसी देखने को मिली। अगस्त में इन फंडों से 1,147 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई थी, जबकि सितंबर में 859 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया। लार्जकैप फंड मुख्य रूप से बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं। इन्हें स्मॉलकैप फंडों की तुलना में अपेक्षाकृत कम जोखिम वाला माना जा सकता है, लेकिन बाजार गिरने पर इनमें भी नुकसान हो सकता है।

कुल संपत्ति में गिरावट

इक्विटी फंड में निवेश बढ़ने के बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन संपत्ति सितंबर में घटकर 82.64 लाख करोड़ रुपये रह गई। अगस्त में यह 87.08 लाख करोड़ रुपये थी। इस तरह एक महीने में करीब 4.44 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। इसका एक बड़ा कारण डेट म्यूचुअल फंड में भारी शुद्ध निकासी रही। सितंबर में डेट फंड से 1.83 लाख करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि अगस्त में इनमें 8,127 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश आया था। इसके अलावा, बाजार के मूल्यांकन में बदलाव भी कुल संपत्ति के आंकड़े को प्रभावित कर सकता है। इसलिए म्यूचुअल फंड की कुल संपत्ति में गिरावट को केवल इक्विटी निवेशकों के भरोसे में कमी के रूप में देखना सही नहीं होगा।

जोखिम का आकलन जरूरी

सितंबर के आंकड़े नियमित निवेश के प्रति निवेशकों की बढ़ती रुचि दिखाते हैं, लेकिन निवेश का फैसला केवल लोकप्रियता के आधार पर नहीं होना चाहिए। सबसे पहले आपातकालीन जरूरतों के लिए पर्याप्त बचत रखें और महंगे कर्ज को प्राथमिकता से चुकाने की योजना बनाएं। इसके बाद अपने वित्तीय लक्ष्य के अनुसार निवेश की अवधि तय करें। लंबी अवधि के लक्ष्यों के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन फंड की श्रेणी चुनते समय जोखिम क्षमता का ध्यान रखना जरूरी है।

बाजार में उतार-चढ़ाव : ऐसे में बाजार की चाल का अनुमान लगाने के बजाय निवेश की रणनीति बनाएं

एकमुश्त रकम लगाने से बचें, 5 से 10 लाख रुपये निवेश करने से पहले तय करें लक्ष्य, समयावधि और जोखिम उठाने की क्षमता

बिजनेस डेस्क। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच निवेशकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह तय करना है कि पैसा कब और कहां लगाया जाए। जिन लोगों के पास 5 से 10 लाख रुपये की एकमुश्त राशि है, वे अक्सर बाजार में गिरावट का इंतजार करते हैं या तेजी देखकर पूरी रकम निवेश कर देते हैं। दोनों ही स्थितियों में जल्दबाजी नुकसान का कारण बन सकती है। विशेषज्ञों की सलाह है कि बाजार की अगली चाल का अनुमान लगाने के बजाय निवेश की अवधि, जोखिम उठाने की क्षमता और विविधीकरण पर ध्यान देना चाहिए। पूरी रकम एक ही दिन लगाने के बजाय चरणबद्ध निवेश करना जोखिम संभालने में मदद कर सकता है। हालांकि, इससे नुकसान की आशंका पूरी तरह समाप्त नहीं होती। जानकारों का कहना है कि हालिया गिरावट के बाद लार्जकैप शेयरों का मूल्यांकन अपेक्षाकृत आकर्षक नजर आ रहा है। 12 अक्टूबर के आंकड़ों के मुताबिक, निफ्टी-50 का पिछला 12 महीने का मूल्य-आय अनुपात 19.1 गुना था, जबकि निफ्टी मिडकैप-150 का 28.1 गुना और निफ्टी स्मॉलकैप-250 का 34.4 गुना था।



स्मॉलकैप में जोखिम को न भूलें : लंबी अवधि के निवेशकों के लिए स्मॉलकैप कंपनियों में विकास की संभावनाएं हो सकती हैं। लेकिन इन शेयरों में उतार-चढ़ाव अधिक होता है और गिरावट के दौरान नुकसान बड़ा हो सकता है। इसलिए स्मॉलकैप में निवेश तभी उचित है, जब निवेशक कम से कम पांच वर्ष तक पैसा लगाए रखने की स्थिति में हों और बाजार की गिरावट के दौरान घबराकर निवेश निकालने से बच सकें।

विविधीकरण से संभालें जोखिम : फ्लेक्सीकैप फंड बाजार की परिस्थितियों के अनुसार बड़ी, मध्यम और छोटी कंपनियों में निवेश का अनुपात बदल सकते हैं। मल्टीकैप फंडों में इन तीनों श्रेणियों में कम से कम 25-25 प्रतिशत निवेश करना अनिवार्य है। वहीं, मल्टी-एसेट फंड इक्विटी, ऋण आधारित साधनों और सोने जैसी अलग-अलग परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं। इससे किसी एक श्रेणी पर निर्भरता कम हो सकती है। हालांकि, हर फंड का जोखिम अलग होता है।

40:60 की रणनीति अपना सकते हैं : यदि आपके पास 10 लाख रुपये हैं, तो एक विकल्प के तहत 4 लाख रुपये शुरुआती चरण में और शेष 6 लाख रुपये अगले तीन से छह महीने में किस्तों में निवेश किए जा सकते हैं। पांच लाख रुपये की राशि के लिए यही अनुपात 2 लाख और 3 लाख रुपये होगा। इससे पूरी रकम बाजार के किसी एक स्तर पर लगाने का जोखिम कम हो सकता है। यह अनुपात हर निवेशक के लिए उपयुक्त हो, ऐसा जरूरी नहीं है; इसे लक्ष्य और जोखिम क्षमता के अनुसार तय करना चाहिए।

निवेश से पहले लागत, गुणवत्ता और ग्राहकों की जरूरत का करें आकलन

दिवाली से पहले शुरू करें ये कारोबार, कम पूंजी में कमाई का मौका

आइडिया

बिजनेस डेस्क

तोरण-सजावट, मिठाई, उपहारों की टोकरी और चॉकलेट की त्योहारों में बढ़ती मांग का उठाएं लाभ



त्योहारों का मौसम छोटे कारोबारियों और अपना काम शुरू करने की योजना बना रहे लोगों के लिए अतिरिक्त कमाई का अवसर लेकर आता है। दिवाली पर घरों की सजावट से लेकर मिठाई, उपहार और चॉकलेट तक की खरीदारी बढ़ जाती है। इस साल 8 नवंबर को दिवाली मनाई जाएगी। ऐसे में तैयारी के लिए सीमित समय बचा है। इच्छुक लोग अपनी पूंजी और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार छोटा कारोबार शुरू कर सकते हैं। कुछ काम घर से भी किए जा सकते हैं, जिससे दुकान का किराया बच सकता है। हालांकि, केवल त्योहार में मांग बढ़ने के अनुमान के आधार पर निवेश करना सही नहीं है। पहले स्थानीय बाजार, संभावित ग्राहकों, सामान की लागत और बिक्री की योजना समझना जरूरी है।

तोरण और सजावटी सामान का कारोबार

दिवाली पर घरों और दुकानों को सजाने के लिए तोरण, बंदनवार, कृत्रिम फूल, रंगोली सामग्री, दीये, लाइटें और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी होती है। कम पूंजी में इस कारोबार की शुरुआत सीमित उत्पादों से की जा सकती है। स्थानीय थोक बाजार से सामान खरीदकर घर, छोटी दुकान या इंटरनेट के माध्यम से बिक्री का विकल्प अपनाया जा सकता है। इस कारोबार में अलग-अलग बजट के उत्पाद रखना उपयोगी है। पारंपरिक सजावट के साथ आधुनिक डिजाइन और दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले उत्पाद भी ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। दिवाली के बाद क्रिसमस और नए साल की सजावट से संबंधित सामान बेचने की योजना भी बनाई जा सकती है। हालांकि, बचा हुआ मौसमी स्टॉक अगली बिक्री तक पूंजी फंसा सकता है, इसलिए जरूरत से ज्यादा सामान खरीदने से बचें।

मिठाई का काम

दिवाली पर मिठाइयों की मांग बढ़ने से यह कारोबार कमाई का अवसर दे सकता है। जिन लोगों को मिठाई बनाने का अनुभव है, वे सीमित मात्रा से शुरुआत कर सकते हैं। अन्य लोग किसी भरोसेमंद निर्माता से सामान लेकर बिक्री का विकल्प तलाश सकते हैं। पारंपरिक मिठाइयों के साथ छोटे पैक और उपहार पैक भी रखे जा सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक ग्राहकों के लिए कम चीनी या बिना अतिरिक्त चीनी वाले उत्पादों की मांग का आकलन किया जा सकता है। हालांकि, ऐसे उत्पादों पर स्पष्ट सामग्री और पोषण संबंधी जानकारी देना जरूरी है। मिठाई जल्दी खराब हो सकती है, इसलिए ताजगी, भंडारण, स्वच्छता और समय पर आपूर्ति का ध्यान रखें। खाद्य कारोबार शुरू करने से पहले लागू खाद्य सुरक्षा नियमों और एफएसएसएआई पंजीकरण या लाइसेंस की जरूरत की जानकारी अवश्य लें।

उपहारों की टोकरी बनाकर बेचें

दिवाली पर परिवारों, मित्रों और कारोबारी सहयोगियों को उपहार देने की परंपरा है। इसका लाभ उठाकर सूखे मेवे, सजावटी सामान, उपयोगी घरेलू वस्तुओं और अन्य उत्पादों की आकर्षक उपहार टोकरी तैयार की जा सकती है। ग्राहक के बजट के अनुसार छोटे, मध्यम और प्रीमियम पैक बनाए जा सकते हैं। इस कारोबार की खासियत यह है कि शुरुआत में बहुत अधिक स्टॉक रखना जरूरी नहीं। पहले नमूने तैयार करके ग्राहकों से ऑर्डर लिए जा सकते हैं। स्थानीय दुकानों, कार्यालयों और परिचित कारोबारियों से संपर्क करना भी उपयोगी हो सकता है। पैकिंग, उत्पादों की गुणवत्ता और समय पर आपूर्ति पर विशेष ध्यान दें। हर टोकरी की लागत में सामान, पैकिंग, परिवहन और अपने श्रम को शामिल करके ही कीमत तय करें।

घर से चॉकलेट बनाकर बेचें

हस्तनिर्मित चॉकलेट, उपहार पैक और आकर्षक पैकेजिंग वाले उत्पाद त्योहारों पर उपहार के विकल्प बन सकते हैं। चॉकलेट बनाने का कौशल रखने वाले लोग छोटे बैच से शुरुआत कर सकते हैं। स्थानीय ग्राहकों, परिचितों और इंटरनेट आधारित माध्यमों से ऑर्डर जुटाए जा सकते हैं। इस कारोबार में कच्चे माल की गुणवत्ता, स्वाद, पैकिंग और भंडारण महत्वपूर्ण हैं। गर्म मौसम या अनुचित भंडारण से चॉकलेट की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसलिए उत्पादन क्षमता के अनुसार ही ऑर्डर लें और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करें। बड़े निवेश से पहले कुछ नमूने बनाकर ग्राहकों की प्रतिक्रिया लेना बेहतर होगा।

निवेश से पहले बनाएं खर्च का हिसाब

इन चारों कारोबारों में शुरुआती लागत उत्पादों की संख्या, गुणवत्ता, उपकरण, पैकिंग और बिक्री के माध्यम पर निर्भर करेगी। शुरुआत छोटी रखकर मांग के अनुसार विस्तार करना जोखिम सीमित कर सकता है। संभावित बिक्री को निश्चित मुनाफा न मानें। सामान की लागत के साथ परिवहन, बिजली, पैकिंग, खराब होने वाले उत्पाद और बिना बिके स्टॉक का खर्च भी जोड़ें। त्योहारों में कारोबार का अवसर जरूर है, लेकिन कमाई की गारंटी नहीं। ग्राहकों की जरूरत समझकर, गुणवत्ता बनाए रखकर और पूंजी का हिसाब रखते हुए शुरुआत की जाए तो छोटा मौसमी कारोबार आगे चलकर नियमित आय का जरिया भी बन सकता है।

खबर संक्षेप

आज मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती

हांसी। अग्रबंधु परिषद के तत्वावधान में 18 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सौभाग्यवती बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह भी आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे जींद चौक स्थित सुभाष ड्रामेटिक क्लब में शुरू होगा। परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया बताया कि परिषद की ओर से समारोह को लेकर तैयारियां की गई हैं और समाज के लोगों को परिवार सहित शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के नए बैच का शुभारंभ

हिसार। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम के नए बैच का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सोनिका मेकओवर की संचालिका सोनिका ने किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्यूटी पार्लर व्यवसाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सौंदर्य एवं ब्यूटी के क्षेत्र में स्वरोजगार की अपार संभावनाएं हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं ब्यूटी पार्लर से संबंधित कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं।

ऑक्सफोर्ड कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

उकलाना। ऑक्सफोर्ड गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन का बी.एड. द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वीणा देवी त्रिवेदी एवं चेयरमैन डॉ. सतीश भारती ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या डॉ. वीणा देवी त्रिवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है।

42 हजार रुपये की सट्टा राशि सहित एक गिरफ्तार

हिसार। उकलाना पुलिस ने बुढ़ा खेड़ा गांव से एक व्यक्ति को 42 हजार रुपये की सट्टा राशि सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव के ही सुरेंद्र के रूप में हुई है। सब-इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि वह पुलिस टीम के साथ गश्त और अपराधों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए सुरेंद्र को कथित तौर पर सट्टेबाजी करते हुए काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 42 हजार रुपये की सट्टा राशि बरामद हुई।

अवैध पिस्तोल और दो कारतूस सहित एक काबू

हिसार। पुलिस ने उकलाना क्षेत्र के गांव भैरी अकबरपुर से एक युवक को 315 बोर के अवैध पिस्तोल व दो कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बुढ़ाखेड़ा गांव निवासी इंद्र के रूप में हुई है। उकलाना थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त और अपराधों की रोकथाम के लिए गांव भैरी अकबरपुर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए इंद्र को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध पिस्तोल और दो कारतूस बरामद हुए।

सैनिटरी का सामान चोरी करने का आरोपी काबू

हिसार। पुलिस ने छोटू राम कॉलोनी में एक दुकान से सैनिटरी का सामान चोरी करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राम सिंह कॉलोनी निवासी मोंटी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने दुकान में पीछे से घुसकर चोरी की थी। थाना अर्बन एस्टेट प्रभारी ने बताया कि गांव किरतान निवासी हनुमान कुमार की शिकायत पर इस संबंध में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार 15 अक्टूबर की रात को आरोपी ने कथित तौर पर दुकान में पीछे से प्रवेश कर सैनिटरी का सामान चोरी कर लिया था।

कटला रामलीला में आज विभीषण शरणागति,अंगद-रावण संवाद का होगा मंचन

सूर्पणखा के नासिका भंजन और सीता हरण का मनमोहक मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में चल रही कटला रामलीला में भरत का श्रीराम से मिलन व लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा के नासिका भंजन का मंचन किया गया। ननिहाल से अयोध्या लौटने पर जब भरत को माता कैकेयी के षडयंत्र, पिता दशरथ की मृत्यु और श्रीराम के वनवास का पता चला तो वे बेहद दुखी और क्रोधित हो गए। राज सिंहासन को ठुकराकर भरत अपने बड़े भाई श्रीराम से मिलने के लिए वन की ओर निकल पड़े। वन में बड़े भाई श्रीराम से मिलकर भरत भावविह्वल हो गए। कटला रामलीला में प्रेम व करुणा से परिपूर्ण इस प्रसंग को देखकर दर्शक भी भावुक हो गए। कटला रामलीला में ही लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा के नासिका भंजन का भी बड़े ही नाटकीय अंदाज में मंचन किया गया। इसके उपरांत सीता हरण के प्रसंग का भी मंचन किया गया। सातवें दिन की कटला रामलीला चौधरीवास के पंचमुखी बालाजी मंदिर के महंत पवन कुमार जोशी के सान्निध्य में आयोजित की गई। इस अवसर पर मेयर प्रवीन पोपली मुख्यातिथि रहे। समाजसेवी व पार्षद संजय डालमिया अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान रामलीला में अनिल जैन टीटू, जगमोहन मित्तल, मोहित सिंगल, मनीश गोयल, राकेश सिंगल, गगन शर्मा व गोपाल डालमिया ने विशिष्ट अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि 18 अक्टूबर को विभीषण शरणागति, रामेश्वरम स्थापना, अंगद-रावण संवाद व लक्ष्मण शक्ति का मंचन किया जाएगा।



हिसार। पुराना गवर्नमेंट कॉलेज मैदान में कटला रामलीला का मंचन करते वृंदावन के कलाकार।

रामलीला में सीताहरण व सुग्रीव मित्रता के प्रसंगों का मंचन



हिसार। विद्युत नगर स्थित श्री बद्री-केदार रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में स्वामी देवेंद्र शास्त्री के कुशल निर्देशन में वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने सीताहरण एवं सुग्रीव मित्रता के प्रसंगों का सजीव व भावपूर्ण मंचन किया। भक्ति और भाव से सराबोर इस मंचन को देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे। मंचन के दौरान रावण द्वारा साधु का छद्म वेश धारण कर माता सीता का हरण करने और तत्पश्चात भगवान श्रीराम व लक्ष्मण द्वारा माता सीता की खोज में वन-वन भटकने के दृश्यों का अत्यंत प्रभावशाली चित्रण किया गया। इसके बाद भगवान श्रीराम की हनुमान जी से पहली भेंट और सुग्रीव के साथ मित्रता के प्रसंग ने दर्शकों के हृदय को छू लिया। लीला के दौरान पूरा रामलीला परिसर 'जय श्रीराम' के जयघोषों से गूंज उठा और माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त एचसीएस अमरजीत सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर गुवाहटी के सहायक आयुक्त अशोक श्योराण ने की। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष मुकेश रावत, प्रधान प्रेम सिंह रावत, उपेंद्र शर्मा, अनिल भट्ट, गजेंद्र गुसाईं, पीतांबरदत्त पांडेय, अनुसूया प्रसाद, दयाकृष्ण हरबोला, जगतराम जौकर, हीरो सिंह रावत, हरीश भट्ट, संजय भट्ट, सुनील चौहान एवं विनोद रावत आदि मौजूद रहे।

क्रोधित होकर लक्ष्मण ने काट डाली सूर्पणखा की नाक



हिसार। श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर दिखाई जा रही रामलीला में 14 वर्ष के वनवास के दौरान भरत मिलाप व राक्षसी सरुपनखा के आगमन का प्रसंग दिखाया गया। सभा के मीडिया प्रभारी शुभम वलेचा ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी राकेश महता व राधेश्याम भाटिया ने सपरिवार श्रीराम दरबार में आरती करके किया। लीला में दिखाया गया कि वन में भ्रमण करते हुए एक स्थान पर कुटिया का निर्माण किया गया। रोजाना खाने के लिए फलों का इंतजाम किया जाने लगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण 14 साल बड़े भ्राता राम के साथ वन में रहे, किंतु एक भी दिन सोये नहीं। एक दिन वन में घूमते हुए रावण की बहन सरुपनखा वहां पहुंच जाती है। दोनों राजकुमारों के सौंदर्य पर मोहित होकर पहले राम से बाद में लक्ष्मण से विवाह का प्रस्ताव रखती है। बार-बार मना करने पर भी जब सरुपनखा नहीं मानी तो क्रोधित होकर लक्ष्मण अपने बाण से उसकी नाक काट देते हैं।

भगवान श्रीराम सभी के आराध्य : डॉ. मिड्ढा



नारनौंद। लोहारी राघो में चल रही रामलीला में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भगवान राम किसी एक धर्म या सनातन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सभी के आराध्य हैं। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता, पत्नी और भाई भगवान राम जैसे आदर्श चरित्र की कामना करते हैं। इस दौरान उन्होंने रामलीला क्लब के मंच पर अगले वर्ष तक कमरे बनवाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में 'भरत मिलाप' के भावुक मंचन ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया। राम-भरत के अटूट प्रेम, त्याग और संवादों को देखकर दर्शकों की आखें नम हो गईं। अंत में भरत भगवान राम की चरण पादुका लेकर अयोध्या वापस लौटे। क्लब सदस्यों ने डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा व उनके साथ आए विशिष्ट अतिथियों हरिश एलावादी, विनोद खुराना, अनिल खुराना, कृष्ण लखीना, गौरव मक्कड़, अशोक लखीना आदि रहे।

लुवास के दो वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध प्रस्तुति में मिले प्रथम पुरस्कार

■ डॉ. अमन को एसोसिएट फेलो, एसवीएसबीटी सम्मान भी मिला, कुलपति ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), के दो वैज्ञानिकों ने राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन में अपने शोध कार्यों के लिए सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति के प्रथम पुरस्कार हासिल किए हैं। बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में आयोजित 13वें वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन में पशु जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अमन और पशुचिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. रिचा को यह उपलब्धि मिली। डॉ. अमन को एसोसिएट फेलो, एसवीएसबीटी सम्मान से भी सम्मानित किया गया। लुवास के कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने दोनों वैज्ञानिकों को बधाई दी।

डॉ. अमन ने गोवंशीय वीर्य में एक्स एवं वाई गुणसूत्र वाले शुक्राणुओं के अनुपात का आकलन करने के लिए नवीन टैकमैन प्रोब आधारित रियल-टाइम पीसीआर जांच के विकास एवं सत्यापन पर शोध प्रस्तुत किया। इस शोध के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति का प्रथम पुरस्कार मिला। उनका अनुसंधान गोवंशीय वीर्य में एक्स एवं वाई गुणसूत्र वाले शुक्राणुओं के अनुपात का पता लगाने के लिए आणविक जांच विकसित करने और उसकी विश्वसनीयता का सत्यापन करने पर केंद्रित है।



हिसार। दोनों वैज्ञानिकों को बधाई देते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

पैरामेडिकल विद्यार्थियों को मिलेंगे इंटर्नशिप के अवसर

■ गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय व राजा राममोहन राय एजुकेशन फाउंडेशन के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं राजा राममोहन राय एजुकेशन फाउंडेशन के बीच पैरामेडिकल शिक्षा एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके तहत पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण व्यावहारिक प्रशिक्षण, क्लिनिकल ट्रेनिंग और इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध करवाने पर जोर दिया जाएगा। एमओयू पर विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ. विजय कुमार तथा राजा राममोहन राय एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से निदेशक यशपाल ने हस्ताक्षर किए। फाउंडेशन की सहायक प्रशासक मुस्कान ने साक्षी के रूप में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार, अंतरराष्ट्रीय मामलों के डीन प्रो. ओपी सांगवान, चिकित्सा विज्ञान संकाय के डीन प्रो. सुनील शर्मा, एसोसिएट डीन डॉ. प्रियंका तथा एलाइड हेल्थ साइंसेज की इंचार्ज डॉ. अंजू उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रशिक्षित और कुशल मानव संसाधन की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में शैक्षणिक संस्थानों और संबंधित संगठनों के बीच सहयोग विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान और पेशेवर दक्षता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह एमओयू दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत करने के साथ पैरामेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और कुशल स्वास्थ्य पेशेवर तैयार करने में सहायक होगा।



हिसार। एमओयू का आदान-प्रदान करते गुजवि कुलसचिव डॉ. विजय कुमार व राजा राममोहन राय एजुकेशन फाउंडेशन के निदेशक श्री यशपाल। फोटो : हरिभूमि

एमओयू से विद्यार्थियों का कौशल विकास

अंतरराष्ट्रीय मामलों के डीन प्रो. ओपी सांगवान ने कहा कि यह एमओयू क्लिनिकल ट्रेनिंग, कौशल आधारित प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के अवसर बढ़ाने में मदद करेगा। फाउंडेशन के निदेशक यशपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के साथ यह सहयोग विद्यार्थियों के कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

आरडीएम सरस्वती स्कूल ने हासिल किया तृतीय स्थान



उकलाना। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी।

उकलाना। आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी मोहित तथा कक्षा 11वीं के विद्यार्थी अनिकेत और कमल ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन डॉ. के.सी. शर्मा और डॉ. शालू कटारिया सहित शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विधायक ने अनाज मंडी का दौरा करके किसानों से की मुलाकात

■ अधिकारियों का धान की खरीद तेज करने के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन व विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर अनाज मंडी का दौरा करके किसानों से मुलाकात की और खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान किसानों ने धान के उठान में हो रही देरी पर रोष जताते हुए खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए समुचित व्यवस्था करवाने की मांग उठाई। विधायक चंद्रप्रकाश ने हैफेड एवं हरियाणा वेयर हाउसिंग के अधिकारियों से बातचीत करके खरीद प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खरीद व्यवस्था को सुचारू बनाने एवं किसानों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी निर्देशित किया। हाल ही में हुई बारिश के कारण मंडी में रखे धान को पहुंचे नुकसान पर विधायक चंद्रप्रकाश ने चिंता जताई। चंद्रप्रकाश ने आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जनता दरबार आयोजित करके हलकावासियों की समस्याएं भी सुनी।



आदमपुर। अनाज मंडी का दौरा करते विधायक चंद्रप्रकाश। फोटो : हरिभूमि

हवा में उड़ते हनुमान के दिव्य प्रकट दृश्य ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

अनाज मंडी में व्यापार मंडल के सहयोग से चल रही आदमपुर की ऐतिहासिक श्री लक्ष्मी कला मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट के मंच पर हवा में उड़ते हुए हनुमान प्रकट के दृश्य का शानदार मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी मुकेश सिंगला, थाना प्रभारी हरीश शर्मा, दयानंद जैन, श्यामलाल गर्ग, दौलतराम गोयल, राजकुमार जांगड़ा, संजय जुलानिया, संदीप जैन व सुंदरकांड प्रचारिणी सभा के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। लीला के दौरान बाली के अंतिम क्षण में सुग्रीव और बाली के वार्तालाप और भगवान श्रीराम से बाली का निवेदन का चित्रण कलाकारों ने बखूबी किया। बाली की भूमिका में दीपक पंवार व सुग्रीव की भूमिका में विराट ने अपने अभिनय से दृश्य को जीवित कर दिया। बाबा हनुमान का रोल निभा रहे गौरव सिंगला ने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया।



खेलकूद | सीआरएम जाट कॉलेज का बास्केटबॉल और हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में दबदबा

हैंडबॉल में लड़कों के वर्ग में भी हासिल किया पहला स्थान

बास्केटबॉल में लड़के और लड़कियों के वर्ग में जाट कॉलेज प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज बास्केटबॉल और हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में सीआरएम जाट कॉलेज की टीमों का दबदबा रहा। विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप खेल स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं के समापन समारोह में कुलसचिव डॉ. विजय कुमार मुख्यातिथि रहे। उन्होंने विजेता टीमों को सम्मानित किया।

कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि हिसार हरियाणा में खेलों के हब के रूप में उभर रहा है। यहां के खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

खेल निदेशालय के डीन प्रो. आशीष अग्रवाल ने बताया कि बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लड़कों और लड़कियों, दोनों वर्गों में सीआरएम जाट कॉलेज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग (यूटीटी) की टीम दूसरे और डीएन कॉलेज, हिसार की टीम तीसरे स्थान पर रही। हैंडबॉल प्रतियोगिता के लड़कों के वर्ग में सीआरएम जाट कॉलेज की टीम प्रथम, राजकीय पीजी कॉलेज की टीम द्वितीय और विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की टीम तृतीय स्थान पर रही। लड़कियों के वर्ग में डीएन कॉलेज, हिसार की टीम ने पहला और राजकीय पीजी कॉलेज की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



हिसार। लड़कियों के वर्ग की विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि एवं अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. एसबी लूथरा, सहायक खेल निदेशक डॉ. मृणालिनी नहरा, बास्केटबॉल ऑब्जर्वर डॉ. यशवंत, संदीप, बिमला देवी और एक्सपर्ट रोहित तथा हैंडबॉल ऑब्जर्वर सुरजीत कौर, सुरेश कुमार, मोहित गुलाटी और एक्सपर्ट सुधीर व मंजीत उपस्थित रहे।

फिटनोवेट कार्यक्रम में ग्रामीणों को दिया स्वास्थ्य और पोषण का संदेश

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एक निजी अस्पताल के सहयोग से गांव गंगवा में 'फिटनोवेट' कार्यक्रम आयोजित किया। खाद्य एवं पोषण विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वीनू सांगवान ने महिलाओं को संतुलित आहार, आवश्यक पोषक तत्वों और स्वस्थ दिनचर्या के महत्व की जानकारी दी। आरएमसीएस विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण सिंह ने पोषण और उन्नत कौशल तकनीकों से संबंधित जानकारी साझा की। महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से वीरेंद्र श्योराण ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर सत्र आयोजित किया। वहीं, डॉ. इशिका नैन ने मासिक धर्म, व्यक्तिगत स्वच्छता, गर्भावस्था और प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान पीएचडी शोधार्थी सुप्रिया और एमएससी की छात्रा कामाक्षी ने महिलाओं की शारीरिक मुद्रा, वजन, लंबाई और शरीर में वसा की मात्रा का आकलन किया। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए आरएमसीएस मॉड्यूल के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, म्यूजिकल चेयर और बैलून बैलेंसिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



हिसार। फिटनोवेट' कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रतिभागी एवं अन्य।

खबर संक्षेप

इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आज

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के महाराणा प्रताप स्टेडियम में 18 अक्टूबर को इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए एथलेटिक्स एसोसिएशन हिसार के सचिव मनोज कड़वासरा, जीजेयू के खेल विभाग के निदेशक डॉ. एसबी. लूथरा एवं मीडिया प्रभारी प्रदीप कनोह ने बताया कि प्रतियोगिता में 14 वर्ष एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग लेंगे। 14 वर्ष आयु वर्ग में ट्रायथलॉन ए, बी, सी एवं किड्स जैवलिन तथा 16 वर्ष आयु वर्ग में 60 मीटर, 600 मीटर, 80 मीटर बाधा दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, भाला फेंक एवं पेंटाथलॉन के मुकाबले होंगे।

बालिका मंच पर छात्राओं ने सांझा की मन की बात

नारनौंद। आरोही सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब में शनिवार को बालिका मंच का आयोजन कर संदेश दिया कि छात्राएं अपनी खुद की रक्षा स्वयं करें और आत्मनिर्भर बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल की प्राचार्य उपासना दुहन ने शिरकत की। बालिका मंच की इंचार्ज राजेश कुमारी ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों को लिंगानुपात बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं और इसके लिए जागरूक भी किया जा रहा है वहीं छात्राओं का आत्म बल बढ़ाने के लिए भी उनको ट्रेनिंग दी जा रही है। कार्यक्रम में छात्राएं मन की बात करके अपनी समस्याओं का निवारण खुद ही कर रही है।

छात्रों को अद्भुत तकनीक से पढ़ाने की दी ट्रेनिंग

नारनौंद। प्राथमिक कक्षाओं में छात्रों की बुनियादी स्तर को मजबूत करने के लिए अध्यापकों को छह दिवसीय एफएनएल ट्रेनिंग आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी लोहचब में चल रही है। अध्यापकों को निपुण हरियाणा अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें मास्टर ट्रेनर राजेंद्र कुमार, बलजीत, उर्मिला, अंजना अध्यापकों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। खंड नोडल इंचार्ज सुमित्रा इस कार्यक्रम की देख रेख कर रही है। इस कार्यक्रम में अध्यापक किस प्रकार से छात्रों को हिंदी भाषा को सरल तरीके से पढ़ाए कि छात्र बुनियादी स्तर मजबूत करके समझ के साथ सीख पाए। इस को लेकर उन्हें तैयार किया जा रहा है। छात्रों का सर्वांगीण विकास किस प्रकार से हो, उन्हें खेल खेल में किस प्रकार से सिखाया जाए।

प्रेरणा सप्ताह के अंतर्गत किया हवन

बरवाला। डीएवीआरजीटीपीपी पब्लिक स्कूल, खेदड़ के प्रांगण में प्रेरणा सप्ताह के अंतर्गत पावन हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। यह आयोजन आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा के प्रधान एवं विद्यालय के उप-प्रधान सत्यपाल आर्य की प्रेरणा तथा विद्यालय प्रबंधक अजय एलावादी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आर्य समाज की महान विभूति महात्मा आनंद स्वामी की जयंती के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियाँ दीं और भारतीय संस्कृति एवं संस्कारमय जीवन का संदेश ग्रहण किया।

गुरु गोरखनाथ कॉलेज व नक्षत्रा इंस्टीट्यूट की पहल पर दो दिवसीय आर्ट वर्कशॉप शुरू

'द कैनवास ऑफ़ हिसार' कला कार्यशाला के पहले दिन कलाकारों ने दिए लाइव डेमो, 6 राज्यों के 80 कलाकारों ने सीखे पेंटिंग के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के फाइन आर्ट्स क्लब और आकार वेलफेयर सोसायटी की पहल नक्षत्रा इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कला कार्यशाला 'द कैनवास ऑफ़ हिसार' का आगाज हुआ। कार्यशाला के पहले दिन विभिन्न राज्यों से पहुंचे 80 प्रतिभागियों ने नामचीन कलाकारों से कला की विविध विधाओं के गुर सीखे।

कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं : भारती

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाने और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने का सबसे बेहतर जरिया है। विशिष्ट अतिथि प्राचार्या डॉ. अंजू चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को अपनी रचनात्मकता निखारने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का मंच मिलता है।

नामचीन कलाकारों ने लाइव डेमो से सिखाए पेंटिंग के फंडे

प्रथम सत्र में मेरठ से पधारे प्रसिद्ध कलाकार डॉ. कृष्ण कुंद्रा ने इंप्रेशनिज़्म स्टाइल में पोर्ट्रेट बनाने का लाइव डेमो दिया। उन्होंने रंगों के संयोजन और उपकरणों के सही चयन पर बल दिया। द्वितीय सत्र में जयपुर के दुर्गेश अटल ने चारकोल पेंटिंग के जरिए छाया-प्रकाश और विभिन्न टोनल बैलेंस की बारीकियां बारीकी से समझाईं। तृतीय सत्र में दिल्ली के कलाकार शशांक शुक्ला ने वाटर कलर से लैंडस्केप बनाकर प्राकृतिक दृश्यों को जीवंत रूप देने की तकनीक साझा की।



हिसार। मंडलायुक्त गीता भारती का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

इन राज्यों से पहुंचे प्रतिभागी

फाइन आर्ट्स क्लब की संयोजिका डॉ. पंकज गिल और मीडिया प्रभारी डॉ. मनोज कुमार व प्रिया ने बताया कि वर्कशॉप में हरियाणा सहित पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के 80 कलाकारों व विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर आकार वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुमित सैनी, नक्षत्रा इंस्टीट्यूट के संस्थापक संदीप कुमार, समन्वयक मोहित सैनी, डॉ. राजेंद्र सेवदा, डॉ. किरन साईं, सुश्री अंकुर व डॉ. सुजीत वर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

राखीगढ़ी महोत्सव में स्थानीय एवं अंतरराज्यीय उत्पादों की प्रदर्शनी व बिक्री रहेगी आकर्षण का केंद्र

कुल्हड़ में हरियाणवी लस्सी से होगा मेहमानों का स्वागत

महोत्सव स्थल पर विभिन्न स्टालों की व्यवस्था की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव में आने वाले मेहमानों का स्वागत हरियाणवी परंपरा और देसी अंदाज में कुल्हड़ में हरियाणवी लस्सी पिलाकर किया जाएगा। महोत्सव में हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ स्थानीय एवं अंतरराज्यीय उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी। इसके लिए महोत्सव स्थल पर विभिन्न स्टालों की व्यवस्था की गई है, जहां उद्यमी अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ उनकी बिक्री भी कर सकेंगे। इन व्यवस्थाओं से महोत्सव में आने वाले पर्यटकों और मेहमानों को हरियाणवी संस्कृति, खानपान और विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादों को करीब से जानने का अवसर मिलेगा।



नारनौंद। राखीगढ़ी महोत्सव समारोह स्थल का निरीक्षण करते एसपी विनोद कुमार व एडीसी लक्षित सरीन। फोटो : हरिभूमि

स्थानीय और अंतरराज्यीय उत्पादों को मिलेगा मंच

महोत्सव स्थल पर स्थानीय एवं अंतरराज्यीय उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए स्टाल लगाए जा रहे हैं। इन स्टालों के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमियों को अपने उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने और उनकी बिक्री करने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की कला, शिल्प, उत्पादों और उद्यमशीलता को भी बढ़ावा मिलेगा। महोत्सव में आने वाले लोग इन स्टालों पर विभिन्न उत्पादों को देख सकेंगे और अपनी पसंद के अनुसार खरीदारी भी कर सकेंगे।

एडीसी ने तैयारियों का लिया जायजा

महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए शनिवार को अतिरिक्त उपायुक्त एवं महोत्सव के ओवरऑल प्रभारी लक्षित सरीन ने महोत्सव स्थल पर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में एसडीएम विकास यादव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुभाष चंद्र, सीटीएम हिमांशु चौहान, डीएसपी देवेंद्र सिंह डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, डीईटीसी तरुणा लांबा, डीएफएससी अनुराधा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान एडीसी लक्षित सरीन ने अधिकारियों से महोत्सव को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली और विभागवार प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। बैठक के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने समारोह स्थल का दौरा किया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।



नारनौंद। राखी गढ़ी महोत्सव के समारोह स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते एसपी विनोद । फोटो : हरिभूमि

सीएम के दौरे से पहले राखीगढ़ी में सुरक्षा रिहर्सल

- एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण
- हेलीपैड से पार्किंग और रूट प्लान तक का निरीक्षण
- पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने के निर्देश

हांसी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के राखीगढ़ी स्थित ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल के प्रस्तावित दौरे को लेकर हांसी पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए पुलिस ने विभिन्न ड्यूटियों की रिहर्सल की। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा और यातायात प्रबंधों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रिहर्सल के दौरान मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल, वाहनों की पार्किंग, निर्धारित रूट प्लान और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रबंध निर्धारित योजना के अनुसार पूरे किए जाएं और ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी के प्रति सतर्क रहे। पुलिस अधीक्षक ने हेलीपैड और कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर काम करने और सुरक्षा से जुड़े प्रत्येक पहलू की जांच करने के निर्देश दिए।



हिसार। पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के सदस्य जिंदल पार्क, मिल गेट में बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

11 लाख ज्योतों से होगी छठ मईया की महाआरती

- जिंदल पार्क में 15 नवंबर को मनाया जाएगा छठ महापर्व
- पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति की बैठक में लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति की बैठक प्रधान विनोद साहनी की अध्यक्षता में मिल गेट स्थित जिंदल पार्क में हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छठ महापर्व धूमधाम से जिंदल सरोवर पर मनाया जाएगा। पर्व से जुड़ी सभी परम्पराओं को अलग-अलग दिनों में निभाया जाएगा। समिति के महासचिव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि 15 नवम्बर को जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में लोक आस्था के छठ महापर्व पर 11 लाख ज्योतों के साथ महाआरती होगी। त्रिवेणी के जल से अभिषेक होगा। सूर्य षष्टी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा जिसमें काशी, अयोध्या, चित्रकूट के विद्वानों द्वारा आदित्य हृदय स्त्रोत तथा सूर्य संहिता के विशेष मंत्रों द्वारा एक हजार नामों से हवन एवं पाठ किया जाएगा। समिति के प्रधान विनोद साहनी ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर पूर्वांचल वासियों में पूरा उत्साह है। लोग अभी से तैयारियों में लगे हैं। पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि होंगी। अध्यक्षता सेवानिवृत प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम शुक्ल करेंगे। बैठक में अनिल उपाध्याय, प्रशांत मिश्र, उमेश गिरी, हरीश चंद्र तिवारी आदि भी रहे।

छात्रा मोनिका ने हरियाणा प्रदेश में पाया द्वितीय स्थान



बरवाला। भन्ती देवी स्कूल आफ नर्सिंग की होनहार छात्रा मोनिका सुपुत्री रणधीर ने जीएनएम अंतिम वर्ष की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करके अपने परिजनों, स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोनिका ने 600 में से 504 अंक 84 प्रतिशत अंक प्राप्त करके इस स्कूल का गौरव बढ़ाया है। उसकी इस शानदार उपलब्धि पर भन्ती देवी स्कूल आफ नर्सिंग के प्रबंधन, शिक्षकों एवं सहपाठियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य कामना की। मोनिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, निरंतर पढ़ाई, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया है।

टेलों पर पूरा पानी पहुंचाने, सफाई व पानी चोरी रोकने पर बनी सहमति

- सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त जल संघर्ष समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

सिंचाई विभाग के अधिकारियों और संयुक्त जल संघर्ष समिति के बीच शनिवार को एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसानों की बुवाई के समय टेलों पर पानी की कमी, अधूरी सफाई और रात के समय पानी की चोरी जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई। समिति के चीफ एडवाइजर दिलबाग सिंह हुड्डा ने बताया कि 16 अक्टूबर को किसानों के रोष को देखते हुए आपात बैठक की गई थी, जिसके बाद शनिवार को एसडीओ वीरेंद्र ढांडा के साथ वार्ता आयोजित की गई। एसडीओ वीरेंद्र ढांडा ने आश्वासन दिया कि वे स्वयं, जेई और कैनाल गार्ड रात में नियमित पेट्रोलिंग करेंगे। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों और पानी की चोरी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। समिति ने भी निर्णय लिया कि किसान और पदाधिकारी रात में मौके पर तैनात रहकर पानी चोरी रोकने में विभाग की मदद करेंगे। इस बैठक में समिति के प्रधान विजेंद्र बेनीवाल, महासचिव सतबीर पूनिया, पूर्व सरपंच जगदीश, वीरेंद्र पूनिया, सुरेंद्र आर्य, रामवीर ढांडा सहित बड़ी संख्या में किसान और सदस्य उपस्थित रहे।



हिसार। एसडीओ के साथ बैठक करती संयुक्त जल संघर्ष समिति। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली रैली और बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर बनाई रणनीति

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक हिसार की बैठक स्थानीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान राजेश बागड़ी ने की, जबकि संचालन ब्लॉक सचिव जय कुमार सिवाच ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया और आगामी आंदोलनों को सफल बनाने की रणनीति तैयार की। बैठक में 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली आक्रोश रैली तथा बिजली विभाग के कर्मचारियों की 1, 2 और 3 दिसंबर को प्रस्तावित प्रदेशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों से संपर्क करने और अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ के राज्य उपप्रधान जयवीर मोर और जिला सचिव ओम प्रकाश माल ने कहा कि सरकार लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। इसके विरोध में अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आक्रोश रैली आयोजित की जाएगी।

- 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी आक्रोश रैली
- बिजली कर्मचारी 1 से 3 दिसंबर तक करेंगे प्रदेशव्यापी हड़ताल

उठान में देरी से भड़के किसान

- हांसी में भाजपा कार्यालय के बाहर किसानों ने फूंका सीएम का प्रतीकात्मक पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

धान की खरीद और मंडियों से फसल का उठान नहीं होने से नाराज किसानों ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। किसान नेता दशरथ मलिक ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार हरियाणा में 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किए जाने का दावा कर रहे हैं। धान का भाव भी 2461 रुपये प्रति क्विंटल बताया जा रहा है, लेकिन मंडियों में किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सरकार धान की खरीद एमएसपी पर सुनिश्चित करे, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए भटकना न पड़े।



हांसी। भाजपा जिला कार्यालय के बाहर मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर विरोध जताते संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उचित व्यवस्था न होने से किसान परेशान

भारतीय किसान यूनियन के नेता रणबीर मलिक ने कहा कि धान और बाजरे की खरीद के साथ-साथ मंडियों से फसल का उठान भी बड़ी समस्या बना हुआ है। खरीद और उठान की उचित व्यवस्था नहीं होने से किसानों को आर्थिक नुकसान और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

19.630 ग्राम हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सैनियान मोहल्ले से एक युवक को 19 ग्राम 630 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिसार निवासी राकेश के रूप में हुई है। बरामद हेरोइन की बाजार कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ पहले भी मादक पदार्थ अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में छह मामले दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल की टीम गश्त और अपराधों की जांच के सिलसिले में क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राकेश को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 19 ग्राम 630 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एचटीएम थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005



हिसार। विदाई समारोह में उपस्थित न्यायाधीश एवं बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

बार एसोसिएशन ने न्यायाधीश डॉ. परमिंद्र को दी विदाई

हिसार। जिला बार एसोसिएशन द्वारा जिला न्यायालय परिसर के बार रूम में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय डॉ. परमिंदर कौर के सम्मान में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप सिंह बाजिया ने की तथा संचालन सचिव समीर सिहाग ने किया। डॉ. परमिंदर कौर ने हिसार बार के सहयोग का आभार जताते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर तालमेल ही एक सुदृढ़ न्याय प्रणाली का आधार है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका मलिक तथा बार प्रधान प्रदीप सिंह बाजिया ने डॉ. परमिंदर कौर के निष्ठावान कार्यकाल व प्रशासनिक कुशलता की सराहना की। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा डॉ. परमिंदर कौर को स्मृति चिह्न और महिला अधिवक्ताओं द्वारा शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

धर्मक्रम आदमपुर में माता व बाबा श्याम के भजनों पर जमकर झूमें श्रद्धालु

मैं आया नहीं हूं बुलाया बाबा श्याम ने....

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर

क्लाथ मार्केट मैदान में जय मां दुर्गा सेवा मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित 16वें विशाल नवरात्रा महोत्सव की छठे दिन श्रद्धालु माता रानी व बाबा श्याम के भजनों पर जमकर झूमें। इससे पहले महोत्सव का शुभारंभ समाजसेवी शेरसिंह यादव, राजकुमार हिसारिया, दिनेश गुप्ता ने किया जबकि अध्यक्षता आदमपुर थाना प्रभारी हरिश चंद्र शर्मा ने की। जींद से पहुंचे गायकार अमित ढुल ने भजनों के माध्यम से बाबा श्याम व महामाई का महिमा का गुणगान किया।



आदमपुर। नवरात्रा महोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़।

ये भजन किए प्रस्तुत

गायकार ने 'मैं आया नही हूं बुलाया बाबा श्याम ने, 'मेरा जी लागे से खाटू में, 'ओ जंगल के राजा मेरी मैया को लेके आजा, 'मैंने आश की ज्योत जगाई, मेरे नैनो में है मां समाई, 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैया डार दैई, 'मेरे घर मे कोई कमी नहीं, बस तेरा आना बाकी है, 'घुंघटियों आड़े आ गयो जी, 'ओ ताली बाजण दे, 'तुम झोली भरलो भक्तों रंग और गुलाल से...आदि भजनों की ऐसी तान छेड़ी की देर रात तक श्रद्धालु झूमते रहे। मंडल द्वारा अतिथियों व आदमपुर प्रेस क्लब के सदस्यों को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।